मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

E-mail

Website : www.mpmandiboard.co.in E-mail : enammpsamb@gmail.com Tel. : 0755-2554949

क्रमांक / बोर्ड / रा0कृ0बा0 / 2019–20 / 55 / 294 भोपाल, दिनांक– 12 / 12 / 2019

प्रति,

सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति
छतरपुर, जिला–छतरपुर (म0प्र0)

विषयः– "राष्ट्रीय कृषि बाजार" (e-NAM) योजनान्तर्गत उपलब्ध कराये गये ग्रेडर एवं आपरेटर के भुगतान के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– सचिव कृषि उपज मण्डी समिति छतरपुर का पत्र क्रमांक / मण्डी / ई–नेम / 19–20 / 766 दिनांक 25.11.2019

---00---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र में किये गये उल्लेख अनुसार कृषि उपज मण्डी समिति छतरपुर में "राष्ट्रीय कृषि बाजार" (e-NAM) योजनान्तर्गत फर्म मिस्त्री बाबा भोपाल संस्था द्वारा एक ग्रेडर एवं एक आपरेटर उपलब्ध कराये गये हैं। मण्डी समिति छतरपुर द्वारा उक्त संस्था को माह जुलाई–2019 तक के पारिश्रमिक का भुगतान किया गया। संस्था द्वारा ग्रेडर एवं आपरेटर को पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किये जाने के कारण अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन होने के कारण माह अगस्त–2019 एवं माह सितम्बर–2019 का भुगतान उक्त संस्था को नहीं किया जाकर मण्डी समिति छतरपुर के पत्र क्रमांक / मण्डी / ई–नेम / 19–20 / 701–02 दिनांक 02.11.2019 से संस्था का अनुबंध निरस्त किया गया है। जबकि 01 आपरेटर एवं 01 ग्रेडर द्वारा माह अगस्त–2019 एवं माह सितम्बर–2019 में भी e-NAM योजनान्तर्गत कार्य किया गया है। जिसका भुगतान आपरेटर / ग्रेडर को किया जाना है।

उक्त भुगतान के संबंध में आपरेटर एवं ग्रेडर की कार्य अवधि तथा उपस्थिति स्वयं मण्डी सचिव द्वारा प्रमाणित की जाकर माह अगस्त–2019 एवं माह सितम्बर–2019 का संस्था को भुगतान की जाने वाली राशि से निर्धारित कलेक्टर दर अनुसार आपरेटर / ग्रेडर को माह अगस्त–2019 एवं माह सितम्बर 2019 का ही भुगतान किये जाने की कार्यवाही की जावे। किसी भी त्रुटिपूर्ण अथवा बिना कार्य के भुगतान के लिये मण्डी सचिव स्वयं व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा। इसके लिये कोई भी अन्य कार्यालय उत्तरदायी नहीं रहेगा।

अतः संस्था द्वारा अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किये जाने के कारण संबंधित संस्था को काली सूची (Black List) में रखा जाकर अनुबंध निरस्ती की सूचना समस्त मण्डी समितियों को दी जाकर आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

अपर संचालक (ई–नेम)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बोर्ड / रा0कृ0बा0 / 2019–20 / 55 / 295 भोपाल, दिनांक– 12 / 12 / 2019

<u>प्रतिलिपि</u> :– <u>सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।</u>

1. निज सहायक प्रबंध संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
2. संयुक्त / उप संचालक म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय .... (समस्त)
3. सचिव कृषि उपज मण्डी समिति .... (समस्त) जिला ....

58+25

अपर संचालक (ई–नेम)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल